गांव दांतीवाडा में क्षेत्र दिवस व प्रारूपण का आयोजन

गांव दांतीवाडा में केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान और नाबार्ड की वितपोषित परियोजना के अन्तर्गत 4 मार्च को क्षेत्र दिवस व प्रारूपण का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में लगभग 40 किसानों ने भाग लिया । डॉ दीपिका हाजोंग ने सभी किसानों का स्वागत किया तथा उन्हें काजरी की विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। उन्होने बताया की खेती के साथ-साथ अन्य गतिविधियों जेसे कि पशुपालन , नर्सरी स्थापना एवं कृषि में पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नालजी का प्रयोग कर खेती में विविधता को अपनाएं जिससे वह अपनी आर्थिक व सामाजिक आय सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं ।

डॉ अर्चना वर्मा ने परियोजना से जुड़े व अन्य गांव से आए किसानों को पौधशाला व इससे जुड़े पहलुओं के बारे में जानकारी दी । उन्होंने किसानों को बताया किस तरह दांतीवाडा के नर्सरी समूह ने खेती के साथ-साथ नर्सरी लगाकर अतिरिक्त आय अर्जित की । इसी तरह से बाकी किसान भी प्रेरित होकर अपने ही गांव में पौधशाला लगा कर उत्तम किस्म की पौध उत्पन्न कर सकते हैं व इसे बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं ।

इसी सन्दर्भ में दांतीवाडा किसान समूह के किसान श्री बाबू खान ने समूह में अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया की समूह के कुछ किसानों के पास पहले कोई भी रोजगार का साधन नहीं था पर नर्सरी से जुड़ने से किसानों को रोजगार भी मिला व आय की प्राप्ति भी हुई । पालड़ी रानावाता के नर्सरी समूह के किसान श्री सीता राम ने कहा की इस परियोजना के माध्यम से समूह ने लाखों रूपये की अतिरिक्त आय अर्जित की और साथ ही उन्हें उच्च गुनवता के पौधे गाँव मे ही उपलब्ध हो गए। इसके बाद किसानों को नर्सरी का भ्रमण करवाया गया व विभिन्न कृषि वानिकी, फल एवं सब्जियों की पौध लगाने की विधि के बारे में जानकारी दी गयी ।